कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा– माध्य / मा–द / वॉक–इन–इटरव्यू / 2019–20 / दिनांक 06/8/21

संभागीय संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा समस्त ।

विषय – महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में साक्षात्कार उपरान्त रिक्त रहे पदों को भरने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के सफल संचालन हेतु निम्नानुसार निर्देश तत्काल प्रभाव से जारी किए जाते है–

1. राज्य में स्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) तथा अन्य राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कतिपय स्थानों पर विषय अध्यापकों के पद रिक्त है। इन रिक्त पदों को पुनः साक्षात्कार के माध्यम से भरा जाना है।
2. रिक्त रहे वरिष्ठ अध्यापक / अध्यापक (लेवल–1 व लेवल–2) / वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक / वरिष्ठ सहायक / कनिष्ठ सहायक एवं सहायक कर्मचारी पदो के लिए निम्न कार्यक्रमानुसार साक्षात्कार आयोजित किये जावे:–
   - खाली पदों की सूचना चस्पा करना:– 10.08.2021
   - विद्यालयवार / पदवार साक्षात्कार:– 16.08.2021
   - सम्बन्धित नियुक्ति अधिकारी से अनुमोदन:– 20.08.2021
   - पदस्थापन आदेश जारी करना:– 21.08.2021
3. उक्त साक्षात्कार जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में होंगे, जिसमें सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक प्रारंभिक, सम्बन्धित जिला मुख्यालय में संचालित महात्मा गांधी राजकीय के प्रधानाचार्य एवं सम्बन्धित विद्यालय प्रधानाचार्य को सम्मिलित किया जावें।
4. वरिष्ठ अध्यापक के साक्षात्कार उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक चयनित शिक्षकों का पदस्थापन करने से पूर्व इन पदों के नियुक्ति अधिकारी सम्बन्धित संभागीय संयुक्त निदेशक से तत्काल अनुमोदन प्राप्त कर पदस्थापन आदेश जारी करेंगे।
5. अध्यापक लेवल–1 व अध्यापक लेवल–2 हेतु साक्षात्कार उपरान्त चयनित शिक्षकों के पदस्थापन आदेश नियुक्ति अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक जारी करेंगे।
6. साक्षात्कार चयन उपरान्त अंको के आधार पर वरीयता सूची बनाकर अधिकतम अंक प्राप्त अभ्यर्थी का चयन संबंधित पद के लिए किया जाए।
7. प्रत्येक आशार्थी द्वारा चयन हेतु आयोजित साक्षात्कार में प्राप्त अंको की सूची हस्ताक्षरित प्रति इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
8. साक्षात्कार समिति का यह दायित्व होगा कि वे अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण हेतु उपयुक्त एवं पात्र आशार्थी का ही चयन करें। अन्यथा उनकी लापरवाही एवं कार्य के प्रति असंवेदनशीलता समझी जाकर तदनुसार विभागीय कार्यवाही की जा सकेगी।
9. उपर्युक्त साक्षात्कार में चयन हेतु निम्नांकित शर्तें रहेंगी:–
   - वरिष्ठ अध्यापक का पदस्थापन सम्बन्धित मण्डल क्षेत्राधिकार में होना चाहिए।
   - अध्यापक लेवल–1 व अध्यापक लेवल–2 के आशार्थी का पदस्थापन सम्बन्धित जिला क्षेत्राधिकार में ही होना चाहिए।
   - टीएसपी क्षेत्र में पदस्थापित आशार्थी का चयन नॉन टीएसपी क्षेत्र हेतु नहीं किया जाए।
   - राजस्थान स्वेच्छया ग्रामीण सेवा (RVRES) के तहत नियुक्त हुए कार्मिकों का चयन शहरी (नगर पालिका / नगर निगम) हेतु नहीं किया जाए।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा– माध्य / मा–द / वॉक–इन–इंटरव्यू / 2019–20 / दिनांक:– 06/8/2021

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा।
02. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक / प्रारंभिक।
03. समस्त अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (शैक्षिक प्रकोष्ठ), कार्यालय– जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक।
04. समस्त प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय(अंग्रेजी माध्यम)।
05. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु ।
06. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
07. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

D:\ma - D\General letter